# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर की आख्या दिनांक - 24/03/2025
## (प्रथम दिवस आख्या)



राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय दिन रात्रि का विशेष शिविर राजकीय ~~प्राथमिक विद्यालय~~ आश्रम पद्धति उ० मा० विद्यालय मुनस्यारी रांची मे दिनांक 24/03/2025 से 30/03/2025 के मध्य आयोजित किया जाना है।

आज दिनांक 24/03/2025 को सभी स्वयंसेवक सर्वप्रथम 8.00 बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुनस्यारी के परिसर मे एकत्रित हुये। उसके बाद सभी स्वंयसेवक शिविर स्थल की ओर प्रात: 9:30 Am बजे प्रस्थान किया और 10:30 Am बजे शिविर स्थल राजकीय आश्रम पद्धति उ० मा० विद्यालय मुनस्यारी रांची पहुँचने के बाद सभी स्वंय सेवको ने रहने की व्यवस्था बनायी। इसके बाद सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० हितेश कुमार जोशी द्वारा किया गया कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार शुक्ला द्वारा अतिथियो का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा स्वंय सेवको को आशीर्वचन के साथ शुभकामनाएँ देते हुये रा० से० यो० के महत्व के बारे मे बताया। प्रो० जोशी ने कहा कि रा० से० यो० स्वंय सेवको को समाज की तमाम व्यवस्थाओ से रुबरु होने का मौका दिया। उन्होंने स्वंय सेवको का आवाहन किया कि शिविर के अनुभवो को जीवन मे उतारे ताकि शिविर की सार्थकता बनी रहे।

मुख्य अतिथि श्री आर० डी० जोशी ने कहा कि आज देश को ऐसे युवाओ की आवश्यकता है जो समाज मे व्याप्त विभिन्न समस्याओ जैसे स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण आदि के समाधान सक्रिय भूमिका निभा सके।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिका सुश्री निधि मरोठिया ने भी अपने विचार साझा करते हुये

Scanned with OKEN Scanner

कहा कि कि रा०से०योजना शिविरार्थियों को निस्वार्थ भाव से समाज सेवा में तत्पर रहना चाहिये तथा अपने जीवन में अनुशासन और नैतिक मूल्यों का समावेश करना चाहिये। डॉ० राजेन्द्र सिंह ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री दुर्गेश कुमार शुक्ला ने आगामी सात दिवसों के कैम्प में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा खींची तथा सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री निधि मतौलिया ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री दुर्गेश कुमार शुक्ला, सुश्री निधि मतौलिया, डॉ राजेन्द्र सिंह, श्री चन्द्रप्रकाश आर्या, सहित महाविद्यालय के कई प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शाम को बौद्धिक सत्र चलाया गया। जिसमें शिविरार्थियों ने भी अपने विचार साझा किये। रात्रि में भजन एवं भोजन करने के पश्चात 9pm पर सभी स्वयं सेवक सो गये।

शुभरात्रि

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी
24/03/2025

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा० [illegible]
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)
24/03/2025

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर की आख्या

## दिनांक - 25/03/2025

## (द्वितीय दिवस की आख्या)



आज दिनांक 25/03/2025 को विशेष शिविर का तृतीय दिवस है। सभी स्वंय सेवक प्रातः 6:00 बजे उठे। उसके बाद सभी अपनी नित्य क्रियाओ मे लगे। इसके बाद 7:00 AM पर सभी ने व्यायाम व योग किया। इसके बाद स्वंय सेवको ने अपने रहने के परिसर को साफ किया नाश्ता करने के बाद सभी स्वंय सेवक द्वितीय दिवस के निर्धारित कार्यक्रम हेतु तैयार हुये। सभी स्वंय सेवक ग्राम राँची पहुंचे। वहाँ सभी ने ग्रामवासियो को साफ-सफाई के महत्व के बारे मे जागरुक किया। सभी ने मिलकर रांची गाँव मे स्थित माँ नन्दा देवी मन्दिर के परिसर की साफ-सफाई की एवं मन्दिर की तरफ जाने वाले रास्ते की झाड़ियो को कटाई की। राँची गाँव के जल स्रोत की भी साफ-सफाई की गयी। इसके बाद सभी स्वंय सेवक दोपहर 12 बजे शिविर स्थल पहुँचे। स्नान आदि के बाद सभी ने 1 बजे दोपहर तक भोजन किया। दोपहर के भोजन के बाद सभी स्वंय सेवको ने विश्राम किया। विश्राम के पश्चात 2:30 pm से बौद्धिक सत्र चलाया गया। बौद्धिक सत्र के मुख्य अतिथि श्री शेखर अधिकारी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ दीपक भट्ट प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, श्रीमती प्रियंका स०अ० ए०टी०एस० श्री अंकित शर्मा स०अ० ए०टी०एस० श्री लोकेन्द्र सिंह स०अ० ए०टी०एस उपस्थित रहे। श्री अधिकारी ने अपने व्याख्यान मे कैरियर से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उनके द्वारा समय प्रबन्धन और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया गया। डॉ दीपक भट्ट द्वारा स्वंय सेवको को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया गया तथा उन्हे आयुर्वेद की

PAGE ______
DATE ______

अपनाने के लिये प्रेरित किया गया। श्री अंकित शर्मा ने अनुशासन तथा स्वयं सेवकों के जीवन एवं उनके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सत्र का संचालन श्रेयस बिष्ट एवं कमल सिंह मेहरा ने किया। इसके बाद स्वयं सेवकों ने सांप सीढ़ी खेल का आनन्द लिया। इसके बाद स्वयं सेवकों ने खेलकूद में प्रतिभाग किया। रात्रि 8 बजे रात्रि भोजन करने के बाद सभी शिविरार्थियों ने कुँमाऊनी एवं गढ़वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये। रात्रि 10 बजे सभी स्वयंसेवकों अपने-अपने कमरों में जाकर सो गये। इसी के साथ द्वितीय दिवस का समापन हुआ।

शुभरात्रि

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राज... मुनस्यारी
25/03/2025

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी
25/03/2025

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर की आख्या

## दिनांक - 26/03/2025

## (तृतीय दिवस की आख्या)



आज दिनांक 26.03.2025 को विशेष शिविर का तृतीय दिवस है। आज भी हमेशा की तरह सभी सुबह 6 बजे जगे। इसके बाद नित्य क्रियाओं को करने के बाद सुबह 7 बजे के बाद सभी स्वयं सेवकों ने व्यायाम, योग आदि किया। प्रात: 8 बजे सभी ने चाय नाश्ता करना प्रारम्भ कर दिया। 9 बजे सभी स्वयं सेवक दरकोट ग्राम के लिये प्रस्थान किये। दरकोट गांव में स्थित माता दुर्गा के परिसर की साफ-सफाई की तथा गांव वालों के साथ संवाद किया। स्वयं सेवकों ने ग्रामवासियों को स्वच्छता एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। इसके बाद सभी स्वयं सेवक अपने शिविर स्थल पहुँचे। नहाने के बाद भोजन व्यवस्था प्रारम्भ हुयी। दोपहर 1 बजे तक सभी ने भोजन आदि किया। भोजन के बाद स्वयं सेवकों ने कुछ देर विश्राम किया। दोपहर विश्राम के बाद 3 बजे से बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता रांची ग्राम प्रधान श्री लवराज राम जी। उन्होंने स्वयंसेवकों का आवहन किया कि वे ग्राम के लोगों को स्वच्छता एवं नशे के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश का युवा देश का मार्गदर्शन करे। उन्होंने स्वयं सेवकों के प्रयासों की सराहना की। सत्र के बाद सभी ने शाम की चाय पी। इसके बाद स्वयंसेवकों ने खेल आदि में भाग लिया। इसके बाद समय 6 बजे से रात्रि के भोजन की तैयारी होने लगी। सभी ने 8 बजे तक भोजन करके भजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये। रात्रि 10 बजे सभी स्वयं सेवक सो गये। इसी के साथ तृतीय दिवस का समापन हुआ।

प्राचार्य
स्व० डॉ० ए०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी
26/03/

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)
26/03/2025

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर की आख्या

दिनांक - 27/03/2025

(चतुर्थ दिवस की आख्या)

PAGE _____

DATE _____

आज दिनांक 27/03/2025 को विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस है। पूर्व दिवसों की भाँति आज भी निर्धारित समयानुसार सभी कार्यक्रम चलते रहे। 9 बजे सभी स्वयंसेवक दतोली गांव की तरफ प्रस्थान किये। स्वयंसेवकों को दो टोलियों में विभाजित किया गया। एक टोली ने रा०प्रा० विद्यालय दतोली में बच्चो को शिक्षण कार्य कराया। दूसरी टोली ने दतोली गांव मे जलस्रोतो की साफ-सफाई किया। तत्पश्चात सभी ने गांव मे स्थित माता महाकाली परिसर की साफ-सफाई की। गांव के लोगो से स्वयं सेवको ने संवाद किया तथा उन्हे यू०सी०सी०, स्वच्छता का महत्व आदि विषय पर जानकारी दी। दोपहर 12 बजे सभी स्वयं सेवक शिविर स्थल वापस लौटे। दोपहर 1:30 तक सभी ने भोजन आदि किया। कुछ देर विश्राम के पश्चात 2:30 pm पर बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की वक्ता सुश्री निधि महोदया असि०प्रो० गृह विज्ञान जी। उन्होंने महिलाओ एवं बच्चो मे पोषण एवं रक्त की कमी के बारे मे बताया तथा स्वयं सेवको को इसे दूर करने के उपायो के बारे मे भी बताया। बौद्धिक सत्र के उपरान्त सभी ने चाय पी और खेल कूद का आनन्द लिया। इसके बाद शाम के भोजन की तैयारी की गयी। सभी 8 बजे तक भोजन करने के बाद भजन एवं गायन की गतिविधियो मे भाग लिये। रात्रि 10 बजे सभी स्वयं सेवक सो गये। इस प्रकार चतुर्थ दिवस सम्पन्न होगया।

सुनराहि

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी

27/03/2025

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)

27/03/2025

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर की आख्या
## दिनांक - 28/03/2025
## (पंचम दिवस की आख्या)

PAGE - 45
DATE ______

आज दिनांक 28/03/2025 को विशेष शिविर का पंचम दिवस है। पूर्व दिवसों की भांति आज भी निर्धारित समयानुसार सभी कार्यक्रम चलते रहे। सुबह 8 से सभी स्वयंसेवकों ने नाश्ता करना प्रारम्भ किया। 9 बजे सभी तैयार होकर राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर को हरी साफ किया। झाड़ियों की कटाई कूड़े का निस्तारण, नालियों की सफाई की। इसके साथ ही हॉस्टल के कमरे साफ किये। तत्पश्चात सभी ने स्नान किया। इसके बाद भोजन की तैयारी की गयी। 1 बजे तक सभी ने दोपहर का भोजन किया। थोड़ी देर दोपहर का विश्राम किया। 3 बजे से बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के वक्ता डॉ राजेन्द्र सिंह असि० प्रो० सैन्य विज्ञान ने स्वयंसेवकों को अनुशासन का महत्व बताया। इसके साथ ही उन्होंने अपने व्याख्यान में नशे की समस्या, उसके प्रभाव तथा उसे दूर करने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। बौद्धिक सत्र के उपरान्त सभी ने सांय की चाय का आनन्द लिया। तत्पश्चात खेलकूद में सभी ने प्रतिभाग किया। इसके बाद शाम का भोजन तैयार किया गया। 8 बजे तक सभी ने रात्रि का भोजन समाप्त किया। भोजन के पश्चात भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि 10 बजे सभी स्वयंसेवक अपने-अपने कक्ष में सोने के लिये चले गये। इस प्रकार पंचम दिवस सम्पन्न हो गया।

शुभरात्रि

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुनस्यारी
28/03/[illegible]

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)
28/03/2025

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर की आख्या

## दिनांक - 29/03/2025

## (षष्ठम् दिवस की आख्या)

PAGE
DATE

आज दिनांक 29/03/2025 को विशेष शिविर का छठवाँ दिवस है। पूर्व दिवस की भाँति आज भी सभी स्वयं सेवक समयानुसार दैनिक क्रियाओं से निपट कर सुबह 7 बजे योग के लिये उपस्थित हुये। सबसे पहले राष्ट्रीय सेवा योजना का कुल गीत गाया गया। उसके बाद श्री आर० डी जोशी जी ने योग, व्यायाम एवं प्राणायाम कराया। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने सुबह का नाश्ता किया। नाश्ता करने के उपरान्त प्रात: 9:30 बजे तक सभी स्वयं सेवक ग्राम नेमचला पहुंचे। सबसे पहले राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के परिसर की नालियाँ साफ की तथा झाड़ियों की सफाई के साथ कूड़े का निस्तारण किया। इसके बाद स्वयं सेवको ने ग्रामवासियो से संवाद किया। ग्रामवासियो को प्लास्टिक नशे वेश्यावृत्ति एवं स्वच्छता के बारे मे जागरुक किया। स्वयं सेवको ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण प्रदूषण के बारे मे सन्देश दिया। तत्पश्चात् सभी लोग शिविर स्थल मे वापस लौटे। स्नानादि के बाद दोपहर के भोजन की तैयारी हुयी। भोजन करने के पश्चात सभी ने विश्राम किया। इसके बाद दोपहर 2:30pm से बौद्धिक सत्र का संचालन किया गया। सत्र का संचालन स्वयं सेवक कमल सिंह मेहरा के द्वारा हुआ। सत्र के मुख्य वक्ता राजकीय आश्रम पद्धति के प्रधानाचार्य श्री आर. डी. जोशी तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री अमित कुमार टम्टा रहे। श्री जोशी जी ने अपने संवाद मे स्वयं सेवको को उनके कर्तव्यों तथा दायित्वों के बारे मे बताया। उन्होंने स्वयं सेवकों से कहा कि आप समाज के लिये विविध रूपों मे योगदान कर सकते है। अपने आसपास के लोगों को स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के

लिये जागरूक करके, लोगों को साक्षर करके और रक्तदान के लिये लोगों को प्रेरित करके आदि के माध्यम से कर सकते हैं। श्री अंकित कुमार टमरा ने सभी को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई। उन्हें समाज के प्रति नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने में युवाओं के योगदान का आवहन किया। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने सांय की चाय और ~~रात्रि भोजन~~ खेलकूद का आनन्द लिया। तत्पश्चात् रात्रि भोजन की तैयारी हुयी और भोजन के पश्चात भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रात्रि 10 बजे सभी स्वयंसेवक सो गये।

शुभरात्रि.

प्राचार्य
स्व० डॉ० आर०एस० टोलिया
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
29/03

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय ... महाविद्यालय
मुनस्यारी (पिथौरागढ़)
29/03/2025




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner